राजकीय महाविद्यालय महम में आज दिनांक 01/02/2024 को महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता आदरणीय प्राचार्या डॉ सन्तोष हुड्डा ने निभाई ।उन्होंने कला एवं शिल्प के महत्व को बताते हुए अपने अंदर छिपी कला को निखारने हेतु मिले इस अवसर पर पूरी लगन व मेहनत से छात्राओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। अनुशिक्षिका के रूप में ITI Diploma धारक श्रीमती रेनू खुराना को बुलाया गया। जिन्होंने छात्राओं को बेकार सामग्री से उपयोगी चीज़ें कैसे बना सकते हैं, ये सब जानकारी दी और साथ ही कुछ स्वंय से तैयार किए उदाहरण भी प्रस्तुत किए। आज कार्यशाला के पहले दिन श्रीमती रेनू जी ने छात्राओं को कागज़ और ऊन से फूल तैयार करने सिखाएं और उन्हीं फूलों का प्रयोग कर एक हैंगर बनवाया। रंगों का प्रयोग करते हुए बेकार पड़ी मटकियों को भी सुंदर रुप दिया गया।इसके अतिरिक्त आइसक्रीम की तीलियों के प्रयोग से एक ज्वैलरी बाक्स भी बनाना सिखाया। छात्राओं ने भी पूरी लगन के साथ दोनों सत्रों में कार्य को सीखने में रुचि दिखाई। प्रातः और सायं दोनों सत्रों में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती पिंकी रानी, डॉ वर्षा रानी, श्रीमती रितु सोलंकी, और डॉ सुदेश कुमारी छात्राओं के साथ मौजूद रहे जिससे कार्यशाला का संचालन अच्छी तरह से संपन्न हुआ।